





# नशे से दूरी जरूरी, ताकि जीवन रहे सुरक्षित : एसपी राठौड़

## 150 ऑटो और वाहनों पर पोस्टर चस्पा कर दिलाई शपथ, जिले भर में चला जागरूकता अभियान

**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी,19जुलाई।** मध्यप्रदेश शासन द्वारा नशा मुक्ति हेतु आयोजित नशे से दूरी है जरूरी जन जागरूकता अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ के नेतृत्व में अभियान के पांचवें दिन विशेष गतिविधियां आयोजित की गईं।

मुख्यालय भोपाल से मिले निर्देशों के तहत 15 जुलाई से 30 जुलाई 2025 तक प्रदेशभर में यह अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ माधव चौक पहुंचे और वहां से संचालित लगभग 150 ऑटो पर नशे से दूरी है जरूरी स्लोगन युक्त पोस्टर चस्पा करवाए। साथ ही, ऑटो चालकों व मौजूद नागरिकों को नशे से दूर रहने की शपथ भी दिलाई गई। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले, रक्षित निरीक्षक अनिल कवरेती, कोतवाली थाना प्रभारी कृपाल सिंह राठौड़, देहात थाना प्रभारी रत्नेश सिंह यादव, यातायात थाना प्रभारी रणवीर सिंह यादव, महिला थाना प्रभारी सहित पुलिस बल मौजूद रहा। जिलेभर में यह अभियान 30 जुलाई तक निरंतर जारी रहेगा, जिसका उद्देश्य है-नशे से मुक्त, स्वस्थ और जागरूक समाज का निर्माण।

**जिले के अन्य थाना क्षेत्रों में भी अभियान की सराहनीय गतिविधियां हुईं:** इसी प्रकार अलग-अलग थाना क्षेत्रों में भी सार्वजनिक स्थलों पर बसों, टैक्सी वाहनों पर नशा मुक्ति अभियान के पर्चे चिपकाए जाकर नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई गई। जहां करैरा टीआई विनोद छावई ने पुलिस टीम के साथ नशा मुक्ति अभियान के तहत बसों एवं टैक्सी वाहनों पर पेम्पलेट चिपकाकर नशे से दूरी है जरूरी शपथ दिलवाई गई। वहीं रन्नौद थाना प्रभारी अरविन्द सिंह चौहान ने पुलिस टीम के साथ रन्नौद बस स्टैंड के पास नशा मुक्ति अभियान चलाया जिसमें नगर परिषद रन्नौद की कचरा गाडियों पर नशा मुक्ति सॉन्ग बजाया गया। 30 तारीख तक नशा मुक्ति अभियान का प्रचार-प्रसार कराया जावेगा एवं नशा से दूरी है जरुरी के पोस्टर चस्पा किये गये। इसी प्रकार इंदार थाना प्रभारी दिनेश नरवरिया ने पुलिस टीम के साथ बस स्टॉप इंदार तिराहा एवं बसों में पैम्पलेट चिपकाकर नशा मुक्ति के संबंध में समझाइश देकर जागरूक किया एवं शपथ दिलवाई गई। सतनवाड़ा थाना प्रभारी सुनील सिंह राजपूत ने पुलिस टीम के साथ बस स्टेंड नरवर तिराहा पर नशा मुक्ति अभियान के तहत लोगों को समझाइश दी और शपथ दिलाई गई एवं पेम्पलेट चस्पा किए। कोतवाली पुलिस द्वारा सरस्वती विद्यापीठ स्कूल मे नशे के विरुद्ध कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें स्कूल के स्टाफ एवं बच्चे शामिल हुए। कोतवाली टीआई कृपाल सिंह राठौड़ द्वारा नशे से दूर रहने के लिये पोस्टर लगाकर सभी को शपथ दिलाई। इसी क्रम में बैराड़ थाना प्रभारी रविशंकर कौशल ने पुलिस टीम के साथ वैराड़ बस स्टेण्ड पर पहुंचकर पोस्टर चस्पा किये एवं उपस्थित लोगों के नशे से दूर रहने के लिये शपथ दिलाई एवं थाना पिछोर टीआई जितेन्द्र मावई ने पुलिस बल के साथ कोचिंग संस्थानों मे जाकर नशे के दुष्प्रभावों के विस्तृत से बताते हुये शॉर्ट वीडियों प्रदर्शित की गयी एवं सभी को नशे से दूर रहने के लिये शपथ दिलाई गयी।

सुरवाया थाना प्रभारी अरविन्द छारी ने पुलिस टीम के साथ जागरूकता अभियान नशे से दूरी है जरूरी के तहत खुटेला तिराहे पर एनएच 27 पर काम कर रहे श्रमिकों को नशे से दूरी है जरूरी के संबंध में समझाइश देकर जागरूक किया गया। कोलारस टीआई रवि चौहान ने पुलिस टीम के साथ कोलारस के कस्तूरबा गांधी बालिका क्षात्रावास मे पहुंचकर नशे के विरुद्ध सभी को जागरुक किया एवं पेम्पलेट वितरित की गयी। इसी प्रकार बदरवास टीआई विकास यादव ने पुलिस टीम के साथ टैक्सी चालकों एवं आमजन करीब 25 से 30 लोगों को पोस्टर दिये एवं वाहनों पर चस्पा कर नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई।

# कलेक्टर ने वर्षा प्रभावित क्षेत्रों का किया निरीक्षण

## किसानों और नागरिकों की समस्याओं का होगा प्राथमिकता से समाधान:कलेक्टर



**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी, 19 जुलाई।** लगातार हो रही वर्षा से जिले में किसानों की फसलों और नागरिकों की जनजीवन पर पड़ रहे प्रभाव का जायजा लेने कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी ने आज तहसील मगरौनी के ग्राम निजामपुर और खिरिया, तहसील करैरा के ग्राम नरौआ तथा नरवर नगर के वार्ड क्रमांक 12 का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने खेतों, रास्तों, स्कूल भवनों और बस्तियों की स्थिति देखी और ग्रामीणों से सीधी बातचीत कर समस्याएं सुनीं।

निरीक्षण की शुरुआत ग्राम निजामपुर से हुई, जहां कलेक्टर ने कृषक सुगर सिंह और बाबू सिंह कुशवाह के खेतों में जाकर 'शुंगधा' किस्म की धान की फसल का अवलोकन किया। किसानों ने बताया कि खाद की आपूर्ति सोसायटी से मिल रही है। इसके पश्चात खिरिया गांव में कृषक दिनेश परिहार के खेत में निरीक्षण के दौरान किसानों ने डीएपी खाद की कमी की बात कही, जिस पर कलेक्टर ने एनपीके खाद के उपयोग का सुझाव दिया। खिरिया की बस्ती में पुलिया और कच्चे मार्ग की खराब स्थिति को देखते हुए कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को सड़क निर्माण का प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। स्कूल भवन की मरम्मत की आवश्यकता पर एसडीएम को शीघ्र जीर्णोद्धार कराने के निर्देश दिए गए। उचित मूल्य की दुकान से समय पर राशन वितरण की ग्रामीणों ने पुष्टि की।

ग्राम नरौआ में कलेक्टर ने कृषक राजेन्द्र रावत के खेत में मूंगफली की फसल का निरीक्षण किया और फसल क्षति की जानकारी पटवारी से लेने को कहा। ग्रामीणों द्वारा कच्चे मकानों के क्षतिग्रस्त होने की जानकारी पर उन्होंने तत्काल सहायता दिलाने के निर्देश दिए। नरवर नगर के वार्ड क्रमांक 12 में निरीक्षण के दौरान उन्होंने किले से लगे इलाकों की स्थिति देखी और सड़कों को हुए नुकसान की मरम्मत के निर्देश दिए। किले के ऊपरी हिस्से से जल बहाव के कारण बस्तियों में जलभराव की समस्या पर उन्होंने प्राकृतिक आपदा राहत मद से कार्य योजना बनाने के लिए कहा। नगर की मुख्य सड़क के चौड़ीकरण की दिशा में भी आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी ने कहा, वर्षा से प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं मरम्मत कार्यों को शीघ्र पूरा किया जाए। किसानों और नागरिकों की समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान किया जाए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम, तहसीलदार और संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# प्रधान आरक्षक की आकस्मिक मृत्यु पर 10 लाख रुपये का चेक सौंपा




**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी, 19 जुलाई।** भारतीय स्टेट बैंक द्वारा केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल में पदस्थ रहे दिवंगत प्रधान आरक्षक गौरव सिंह सेंगर की पत्नी को 10 लाख रुपये की बीमा राशि का चेक सौंपा गया। यह बीमा भुगतान बैंक द्वारा आईटीबीपी के साथ हुए आपसी समझौते (एमओयू) के अंतर्गत बिना किसी प्रीमियम शुल्क के प्रदान किया गया।

शिवपुरी स्थित एसबीआई क्षेत्रीय कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में यह चेक क्षेत्रीय प्रबंधक ज्योति रंजन द्वारा सौंपा गया। विदित हो कि गौरव सिंह सेंगर की हाल ही में आकस्मिक मृत्यु हो गई थी। एसबीआई और आईटीबीपी के मध्य हुए समझौते के अनुसार आईटीबीपी के जवानों को बैंक द्वारा निःशुल्क बीमा कवच की सुविधा दी जाती है। इस अवसर पर एसबीआई मुख्य शाखा शिवपुरी के मुख्य प्रबंधक सुनील यादव, क्षेत्रीय कार्यालय के मुख्य प्रबंधक उमेश श्रीवास्तव, प्रमोद पाल, आशीष दुबे, रिलेशनशिप मैनेजर परमाल सिंह सहित अनेक अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान दिवंगत जवान को श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा उनके परिवार के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए एसबीआई द्वारा भविष्य में भी हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया गया। एसबीआई की यह पहल सुरक्षा बलों एवं उनके परिवारों के प्रति उसकी संवेदनशीलता तथा सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को दर्शाती है।

# उर्वरक विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों में अनियमितताएँ पाई गईं, स्टॉक और वितरण में पारदर्शिता के निर्देश



**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी,19जुलाई।** कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी के निर्देशानुसार आज करैरा विकासखण्ड के उर्वरक, कीटनाशक एवं बीज विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। यह निरीक्षण डिप्टी कलेक्टर ममता शाक्य, उप संचालक कृषि पी.एस. करोरिया एवं वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी एस.एस. जाटव द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

निरीक्षण के दौरान मैसर्स गुप्ता ट्रेडिंग कंपनी के प्रतिष्ठान पर ऑनलाईन पॉस मशीन में दर्ज उर्वरक की मात्रा का भौतिक सत्यापन किया गया, जिसमें अंतर पाया गया। साथ ही उर्वरक वितरण से संबंधित रजिस्टर भी संधारित नहीं किया गया था। इसी प्रकार, मैसर्स अग्रवाल इंटरप्राइजेज में भी स्टॉक एवं वितरण रजिस्टर अनुपलब्ध पाए गए। निरीक्षण में यह भी सामने आया कि अधिकांश उर्वरक विक्रेताओं द्वारा पॉस मशीन से विक्रय की पर्ची किसानों को नहीं दी जा रही है। इसके अतिरिक्त उर्वरक भंडारण एवं वितरण से संबंधित अभिलेखों का समुचित रख-रखाव भी नहीं किया जा रहा है। उप संचालक कृषि पी.एस. करोरिया ने कहा, किसानों को गुणवत्तापूर्ण उर्वरक उचित मूल्य पर उपलब्ध हो, इसके लिए विक्रेताओं को निर्धारित मापदण्डों का पालन करना अनिवार्य है। अनियमितता पाए जाने पर संबंधित विक्रेताओं पर नियमानुसार कठोर कार्यवाही की जाएगी। जिला प्रशासन द्वारा सभी विक्रेताओं को आवश्यक दस्तावेजों का संधारण सुनिश्चित करने तथा विक्रय प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं। निरीक्षण कार्य सतत रूप से जारी रहेगा।

### वाटर ट्रीटमेंट प्लांट इन्दरगढ़ पर पाई गई खामियां

**दतिया।** एसडीएम सेवढ़ा एवं प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी इंदरगढ़ श्री अशोक अवस्थी ने नाला निर्माण कार्यों एवं वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट इंदरगढ़ का निरीक्षण किया गया, इस वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से संपूर्ण नगरीय क्षेत्र इंदरगढ़ को पेयजल सप्लाई किया जाता है। इस वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के संचालन में अनुबंध की शर्तों का व्यापक उल्लंघन और अनियमितताये पाए जाने पर इसका संचालन करने वाली बानकों कंस्ट्रक्शन प्रा.लि. कंपनी ग्वालियर को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया निरीक्षण के दौरान उपयंत्री इंदरगढ़, तहसीलदार इंदरगढ़ ,हल्का पटवारी इंदरगढ़ एवं अन्य उपस्थित रहे। एसडीएम सेवढ़ा एवं प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी इंदरगढ़ अशोक अवस्थी ने जारी किए गए नोटिस में बताया गया है कि वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट संचालन काम करने वाली कंपनी के द्वारा ना तो अनुबंध के अनुसार कर्मचारियों को नियुक्त किया गया है, प्लांट पर प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था नहीं की गई है, अग्निशमन, साफसफाई की कोई व्यवस्था नहीं की गई है , ट्रीटमेंट संयंत्र का काफी हिस्सा बंद पड़ा है, कई मशीन लंबे समय से बंद पाई गई,ब्लीचिंग का उपयोग सही और पर्याप्त ढंग से किया जाना नहीं पाया गया, बिजली के तार असुरक्षित रूप से फैले पाए गए, वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट का कार्य मानकों के अनुरूप नहीं पाया गया है।

# श्री इच्छापूर्ण हनुमान मंदिर में शिव महापुराण कथा के चौथे दिन बड़ी संख्या में उमड़े श्रद्धालु



**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी,19जुलाई।** देहरदा सड़क स्थित श्री इच्छापूर्ण हनुमान मंदिर में सात दिवसीय श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन चल रहा है कथा का वाचन दिनेशचंद्र भारद्वाज (बनारस वालों) द्वारा किया जा रहा है चौथे दिन शिव महापुराण कथा का श्रवण कराते हुए आचार्य ने बताया कि एक बार त्रिदेव यानि ब्रह्मा, विष्णु और महेश (शंकर) में सर्वश्रेष्ठ को लेकर बहस होने लगी.तीनों देव स्वयं को दूसरे से महान और श्रेष्ठ बताते रहे.तीनों में कौन श्रेष्ठ है जब इस बात का निर्णय नहीं हो पाया तो यह कार्य ऋषि-मुनियों को सौंपा गया. उन सभी ने सोच विचार के बाद भगवान शिव को सर्वश्रेष्ठ बताया। ब्रह्मा जी का काटा सिर लेकिन ऋषि-मुनियों की बातों को सुनकर ब्रह्मा जी क्रोधित हो गए.उनके क्रोध से एक सिर जलने लगा.अपने क्रोध में उन्होंने भगवान शिव का अपमान भी किया. इससे भगवान शंकर भी क्रोधित होकर अपने रौद्र रूप में आ गए जिससे काल भैरव की उत्पत्ति हुई। काल भैरव ने ब्रह्मा जी के घमंड को चूर करने के लिए उनके जलते हुए सिर को काट दिया.इससे उन पर ब्रह्म हत्या का दोष लग गया.जिसके बाद भगवान शिव ने उनको सभी तीर्थों का भ्रमण कर प्रायश्चित करने को कहा,जिसके बाद वे तीर्थ यात्रा पर निकल गए. पृथ्वी लोक पर सभी तीर्थों का भ्रमण करने के बाद वें काशी पहुंचे. काशी में वे ब्रह्म हत्या के दोष से मुक्त हो गए और यही वें कोतवाल के रूप में विराजमान हो गए.ऐसी धार्मिक मान्यता है कि काशी में यम यातना नहीं मिलती। तत्पश्चाप आरती हुई आरती के बाद प्रसादी वितरण भी की गई।

### निरीक्षण में दो प्रधानाध्यपकों को नोटिस जारी

**दतिया।** कलेक्टर स्वप्निल वानखडे एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दतिया श्री अक्षय तेम्रवाल के निर्देशन पर एवं शासकीय हाई स्कूल बिलासपुर का ऑनलाईन निरीक्षण किया गया।

# सुधीर रजक बने फिजिकल नगर मंडल के प्रचार मंत्री, राहुल धूलिया को मिली सह प्रचार मंत्री की जिम्मेदारी





**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी,19जुलाई।** भारतीय जनता पार्टी शिवपुरी के जिला अध्यक्ष जसवंत जाटव की सहमति से फिजिकल नगर मंडल अध्यक्ष कृष्णा कुशवाहा द्वारा मंडल के पदाधिकारियों की घोषणा की गई। इस घोषणा के तहत निष्ठावान और सक्रिय कार्यकर्ताओं को संगठन में नई जिम्मेदारियाँ सौंपी गईं।

फिजिकल नगर मंडल में सुधीर रजक को प्रचार मंत्री और राहुल धूलिया को सह प्रचार मंत्री नियुक्त किया गया है। नियुक्ति के बाद दोनों कार्यकर्ताओं ने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, जिला अध्यक्ष, विधायक, नगर मंडल अध्यक्ष सहित समस्त कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। सुधीर रजक और राहुल धूलिया ने कहा कि पार्टी संगठन ने जो विश्वास व्यक्त कर जिम्मेदारी सौंपी है, उसे वे पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण भाव से निभाएंगे।


## आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, विकित भूमि वार्ड नं. 05 एवं 06, सरल क्रमांक 40, सदर बाजार, तहसील व जिला शिवपुरी जिसका कुल क्षेत्रफल 567 .30 वर्गफीट है। जिसकी चर्तुसीमा इस प्रकार है कि पूर्व में-मकान मनोज मंगल, पश्चिम में-रास्ता 25 फीट, उत्तर में-मकान रिंकिंन कोचेटा तथा दक्षिण में-मकान परिवेश जैन का स्थित है। उक्त संपत्ति को कमलचंद जैन, हर्षवर्धन कोचेटा, अशोक कुमार कोचेटा, सुमत कुमार कोचेटा पुत्रगण श्री धर्मेन्द्र कोचेटा निवासी तहसील व जिला शिवपुरी ने रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक MP39292025A1040396 दिनांक 17.01.2025 द्वारा श्रीमती कल्पना मंगल पत्नी श्री मनोज मंगल निवासी सदर बाजार, तहसील व जिला शिवपुरी को विक्रय की है। श्रीमती कल्पना मंगल पत्नी श्री मनोज मंगल निवासी सदर बाजार, तहसील व जिला शिवपुरी ने उक्त संपत्ति में से 300 वर्गफीट को प्रेरणा जैन पुत्री श्री प्रदीप कुमार जैन निवासी वार्ड नं. 07, ओसवाल गली, जिसकी चर्तुसीमा इस प्रकार है कि पूर्व में-मकान मनोज मंगल, पश्चिम में-रास्ता 25 फीट, उत्तर में-मकान रिंकिंन कोचेटा तथा दक्षिण में-मकान परिवेश जैन एवं अन्य बची हुई संपत्ति को परिवेश जैन पुत्र श्री त्रिलोकचंद जैन को निवासी वार्ड नं. 07, ओसवाल गली, तहसील व जिला शिवपुरी जिसकी चर्तुसीमा इस प्रकार है कि पूर्व में-मकान मनोज मंगल, पश्चिम में-रास्ता 25 फीट, उत्तर में-प्रेरणा जैन तथा दक्षिण में-मकान विनोद मित्तल को 267.30 वर्गफीट का विक्रय अनुबंध किया है। उक्त संपत्ति न ही कही बंधक है और न ही किसी को बेची गई है। यदि अन्य किसी भी व्यक्ति का अथवा संस्था, शासन का किसी भी प्रकार से उक्त सम्पत्ति में हित निहित हो तो वह इस सूचना के प्रकाशन दिनांक से सात दिवस के भीतर अपनी आपत्ति मय दस्तावेजी साक्ष्य के मेरे कार्यालय पर प्रस्तुत कर देवें अन्यथा किसी प्रकार की आपत्ति प्राप्त न होने की दशा में उक्त सम्पत्ति को वित्तीय संस्था साम्य बंधक कर लिया जावेगा तथा उक्त सम्पत्ति पर उक्त संस्था का प्रथम भार रहेगा तथा इस सूचना पत्र में दी गई म्याद उपरांत किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

**दिनांक19.07.2025**

**सूचक**
**श्री आशीष पुराणिक एडव्होकेट**
**स्वास्तिक रेसीडेंसी शिवपुरी म.प्र.**


# कोलारस पुलिस का नशे से दूरी है जरुरी जन जागरुकता अभियान




**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी,19जुलाई।** मप्र शासन द्वारा प्रदेश भर मे नशे के प्रति जन जागरुकता लाने के लिए नशे से दूरी है ज़रूरी कार्यक्रम का आयोजन 15 से 30 जुलाई तक किया जा रहा है। उक्त जागरुकता कार्यक्रम के तहत पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा समस्त पुलिस अधिकारियों को जिला स्तर पर अधिक से अधिक संख्या में लोगों को कार्यक्रम से जोड़कर कार्यक्रम को सफल बानाने एवं लोगों को नशे से दूर करने के लिये कार्यक्रमों का आयोजन करने हेतु आदेशित किया है।

उक्त आदेशों के पालन अभियान के चौथे दिन आज कोलारस थाना प्रभारी रवि चौहान के निर्देशन में नशे से दूरी है जरूरी कार्यक्रम पुलिस टीम के साथ स्थित एवी रोड जगतपुर मानीपुरा बस्ती में जाकर झुग्गी झोंपड़ी मे रहने वाले लोगों को शासन द्वारा नशे के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान नशे से दूरी है जरुरी के बारे में विस्तृत जानकारी दी एवं नशा न करने के लिये लोगों को जागरुक किया गया। थाना प्रभारी रवि चौहान द्वारा लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे मे विस्तृत जानकारी दी एवं नशा मुक्त होने के लिए प्रेरित किया। पुलिस द्वारा झुग्गी झोपड़ी व चिन्हित स्थानों पर जाकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया है जिसमे नशे के आदी व्यक्तियों एवं परिवार वालों को नशामुक्ति पुनर्वास केन्द्रों की जानकारी व सुझाव देते हुये नशे से दूर रहने की शपथ दिलवाई गयी। कार्यक्रम मे थाना प्रभारी रवि चौहान सौरभ तोमर उदय तोमर विजय कटारे डैनी सिंह दीपक जाट पुष्पेंद्र सिंह रावत आदि पुलिसकर्मी कार्यक्रम में रहे उपस्थित।

# निर्मल एकेडमी संस्थान में अपर कलेक्टर, नायब तहसीलदार गुप्ता ने किया वृक्षारोपण

## वृक्षारोपण करना एक पुण्य का काम - अपर कलेक्टर दिनेश चंद्र शुक्ल



**नवभारत संवाददाता दिनारा**

**करैरा,19जुलाई।** तहसील के विधानसभा अंतर्गत दिनारा में संचालित संस्थान निर्मल एकेडमी के संचालिका मीना, रवि कसाब की अध्यक्षता में वृक्षारोपण किया गया इस वृक्षारोपण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व में पदस्थ रहे करैरा एसडीएम दिनेश चंद्र शुक्ला एवं अभी वर्तमान में शिवपुरी जिला में अपर कलेक्टर के पद पर पदस्थ मुख्य अतिथि के तौर पर निर्मल संस्थान में पधारकर अपना बहुमूल्य समय निकालकर वृक्षारोपण किया उन्होंने निर्मल संस्थान में अनेक प्रकार के वृक्ष अपने करहस्तो द्वारा लगाए इस वृक्षारोपण कार्यक्रम में संस्थान की संचालिका मीना कसाब, रवि कसाब सहित अपर कलेक्टर के साथ पधारे हुए इस वृक्षारोपण कार्यक्रम में दिनारा निर्मल एकेडमी संस्थान की संचालिका मीना कसाब रवि कसाब की बिटिया वर्तमान में नायब तहसीलदार के पद पर चंदेरी में पदस्थ हिमांशी गुप्ता भी अपर कलेक्टर दिनेश चंद्र शुक्ला के साथ वृक्षारोपण कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित रही वृक्षारोपण के इस कार्यक्रम में अकादमी संस्थान का स्टाफ एवं छोट-छोट स्टूडेंट्स प्रिंट मीडिया के पत्रकार बंधु एवं अनेक प्रतिष्ठित व्यापारीगण उपस्थित रहे

नवभारत प्रिंट मीडिया से चर्चा में अपर कलेक्टर दिनेश चंद्र शुक्ला के द्वारा बताया गया वास्तव में पौधा मनुष्य का जीवन होता है वृक्षारोपण से शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है पुत्र की समकक्ष ही पौधा से प्यार करें दिनारा के अंबेडकर मोहल्ला रोड के दयनीय हालात को देखकर उनसे चर्चा की गई तो दिनारा नागरिकों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए अपर कलेक्टर साहब ने सरपंच सचिव को रोड की संदर्भ में भी निर्देशित किया है।